प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

दिनांक : 25/11/2426 समय :7.10 एएम

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने रक्षा, तकनीक और व्यापार में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा– प्रदेश में किसी भी आउटसोर्स कर्मचारी को सेवा से नहीं हटाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को एशिया कप में दोहरा शतक लगाने पर बधाई दी।
- प्रदेश में ठंड बढ़ी, अगले तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की और गिरावट की संभावना।

अब समाचार विस्तार सेः–

प्रधानमंत्री जर्मन चांसलर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने भारत–जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। इसमें रक्षा, उन्नत तकनीकों, व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष रूप से बल दिया गया है। दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच लगातार बढ़ते सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। इस वर्ष भारत और जर्मनी के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं, इसलिए दोनों नेताओं ने प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में पैदा होने वाले नए अवसरों के संबंध में भी चर्चा की।

आउटसोर्स कर्मचारी–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में किसी भी आउटसोर्स कर्मचारी को सेवा से बाहर नहीं किया जाएगा और नियुक्ति की वर्तमान व्यवस्था जारी रहेगी। भोपाल में कल कर्मचारी संगठनों के अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक लाख से अधिक अधिकारी–कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिला है और रिक्त पदों पर भर्ती का क्रम जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने शासकीय सेवकों के लिए दो संतान की सीमा समाप्त करने, भत्तों के पुनरीक्षण और अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के तेजी से निराकरण का भी उल्लेख किया। कर्मचारी संगठनों ने इन निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

किसान संवाद–केंद्रीय कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल पंजाब के तरनतारन में किसान चौपाल के दौरान किसानों से संवाद किया। श्री चौहान ने किसानों को पराली जलाए बिना खेती करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किसान मेजर सिंह वर्ष 2018 से पराली जलाए बिना सीधे गेहूं की बुवाई कर रहे हैं।

जनगणना तैयारी

प्रदेश में जनगणना के दूसरे चरण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके तहत 10 जनवरी 2027 से स्व–गणना की प्रक्रिया शुरू होगी। 10 से 25 जनवरी तक नागरिकों को ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज करने का अवसर मिलेगा। इसके बाद 25 जनवरी से जनगणना कर्मी घर–घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। तैयारियों के संबंध में आज भोपाल की नरोन्हा प्रशासन अकादमी में राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। इसमें उप महानिदेशक जनगणना विश्वजीत दास और गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला सहित प्रदेश के अधिकारी शामिल होंगे।

अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

अभिनेता और फिल्मकार दीपक तिजोरी ने गोवा में आयोजित 57वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के दौरान वेव्स फिल्म बाजार की सराहना की। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में उन्होंने यहां के माहौल और नेटवर्किंग के अवसरों को शानदार बताया। उन्होंने कहा कि यह मंच फिल्म निर्माताओं को अंतरराष्ट्रीय सेल्स एजेंट और सह–निर्माताओं से जोड़ता है..

क्रिकेटर, बधाई–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवा भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को एशिया कप राइजिंग स्टार्स में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वैभव ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मात्र 52 गेंदों में दोहरा शतक बनाया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि वैभव की यह उपलब्धि भारतीय क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है। साथ ही यह देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है।

एमएसएमई कॉन्क्लेव– केंद्रीय संचार मंत्री,सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल नई दिल्ली में दूरसंचार स्टार्टअप और एमएसएमई कॉन्क्लेव 2026 की अध्यक्षता की। भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वदेशी दूरसंचार तकनीक, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर श्री सिंधिया ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत तकनीक का उपभोक्ता होने से आगे बढ़कर निर्माता के रूप में उभरा है। उन्होंने बताया कि देश में स्टार्टअप की संख्या बढ़कर दो लाख से अधिक हो गई है।

सड़क मंजूरी, विदिशा–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सड़कों सहित बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से नागरिकों का जीवन आसान हो रहा है। भोपाल में कल गंजबासौदा क्षेत्र के नागरिकों ने विदिशा जिले में तीन महत्वपूर्ण सड़कों की मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि भोपाल–विदिशा मार्ग एक हजार 757 करोड़ रुपये, मेलहुआ–बीना–खिमलासा–मालथोन मार्ग तीन हजार 272 करोड़ रुपये और अहमदपुर–विदिशा मार्ग 112 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होंगे।

पुलिस आरक्षक भर्ती

प्रदेश में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 9 दिसंबर से शुरू होगी। कर्मचारी चयन मंडल ने आरक्षक जीडी सीधी भर्ती परीक्षा–2026 की नई तारीख घोषित की है। इस भर्ती के माध्यम से प्रदेश में सात हजार 500 पद भरे जाएंगे।

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

भोपाल के बरखेड़ा नाथू स्थित स्टेडियम में चल रही महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने चीन को 6–2 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ भारतीय टीम 12 अंकों के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर है। दिन के अन्य मुकाबलों में जापान ने मलेशिया को 3–1 और कोरिया ने थाईलैंड को 1–0 से हराया।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर थमने के बाद ठंड बढ़ गई है। पहाड़ों पर बर्फबारी और उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण शाजापुर के गिरवर में न्यूनतम तापमान 8 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि भोपाल में पारा गिरकर 9 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की और गिरावट हो सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- खंडवा के ओंकारेश्वर में 20 नवंबर से शुरू हुई पांच दिवसीय 51वीं पंचकोशी यात्रा 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर संपन्न हुई। यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा–अर्चना की।
- मंदसौर में 70वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालक हॉकी प्रतियोगिता 8 से 12 दिसंबर तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में 600 से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है।
- आगरमालवा में हुई जिला स्तरीय निगरानी समिति की संयुक्त बैठक में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया तथा जिले में 8 नवीन क्लस्टरों के गठन एवं संचालन के प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई।
- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक प्राध्यापक भर्ती के अंतर्गत समस्त विषयों की साक्षात्कार परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों के लिए शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर में निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।
- श्योपुर जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री रामेश्वर धाम त्रिवेणी संगम पर कार्तिक स्नान के साथ ही तीन दिवसीय रामेश्वर मेले की शुरूआत हो गई है।
- वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल व्यापक तैयारियां कर रहा है।
- भोपाल में सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

- देवास जिलेभर में सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए।
